




*Special Issue July 20203-Sept 2023*

# Himalayan Monal

*E-Monthly Newsletter Hindi/English*

**This is monthly publication includes College updates, achievements, celebrations, and information on upcoming events.**









**Prof. Rajesh Chandra Paliwal**
**Chief Editor**

## Harsh Vidya Mandir P.G.College, Raisi (Haridwar)

**Inception of G20** The G20 was founded in 1999 after the Asian financial crisis as a forum for the Finance Ministers and Central Bank Governors to discuss global economic and financial issues.

**Elevation to Leader's Level the** G20 was upgraded to the level of Heads of State/Government in the wake of the global economic and financial crisis of 2007, and, in 2009, was designated the "premier forum for international economic cooperation". The G20 Summit is held annually, under the leadership of a rotating Presidency. The G20 initially focused largely on broad macroeconomic issues, but it has since expanded its agenda to inter-alia include trade, sustainable development, health, agriculture, energy, environment, climate change, and anti-corruption.

The Group of Twenty (G20) comprises 19 countries (Argentina, Australia, Brazil, Canada, China, France, Germany, India, Indonesia, Italy, Japan, Republic of Korea, Mexico, Russia, Saudi Arabia, South Africa, Türkiye, United Kingdom, and United States) and European Union. The G20 members represent around 85% of the global GDP, over 75% of the global trade, and about two-thirds of the world population. G20 is the premier forum for international economic cooperation and it plays an important role in shaping and strengthening global architecture and governance on all major international economic issues. The G20 does not have a permanent secretariat or staff. Instead, the G20 Presidency rotates annually among the members and is selected from a different regional grouping of countries. The 19 member countries are therefore divided up into five groups comprising a maximum of four countries each. Most of the groups are formed on a regional basis, that is countries from the same region are usually put in the same group. Only Group 1 (Australia, Canada, Saudi Arabia and the United States) and Group 2 (India, Russia, South Africa and Türkiye) do not follow this pattern. Group 3 includes Argentina, Brazil, and Mexico; Group 4 includes France, Germany, Italy, and United Kingdom; and Group 5 includes China, Indonesia, Japan, and Republic of Korea. The EU, the 20th member, is not a member of any of these regional groups. Each year another country from a different group assumes the G20 Presidency. The countries in a group are each equally entitled to take on the Presidency when it is their group's turn, though. India, from Group 2, holds the current Presidency of the G20 from 1 December 2022 to 30 November 2023. The G20 Presidency is responsible for bringing together the G20 agenda in consultation with other members and in response to developments in the global economy. To ensure continuity, the Presidency is supported by a "troika" made up of the current, immediate past and next host countries. During India's Presidency, the members of the G20 troika are Indonesia, India and Brazil. **Inception of G20** The G20 was founded in 1999 after the Asian financial crisis of 1997-98 as an informal forum for the Finance Ministers and Central Bank Governors of the most important industrialized and developing economies to discuss international economic and financial stability.

India's G20 presidency has marked a significant milestone in its global leadership role. With, India taking the presidency for the first time, it is steering discussions and initiatives among the world's major economies to address complex challenges. With its diverse economy, technological prowess, and commitment to sustainable development, India is poised to bring unique perspectives to the table. During the presidency, India is focusing on various issues like inclusive growth, digital innovation, climate resilience, and equitable global health access. By leveraging its presidency, India is fostering collaborative solutions that not only benefit its own population but contribute to the broader global well-being, reinforcing its spirit of '**Vasudhaiva Kutumbakam**' or the '**World is One Family**'

G20 Summit 2023 Delhi The meeting will be attended by countries including Argentina, Australia, Brazil, Canada, China, France, Germany, India, Indonesia, Italy, Japan, Mexico, South Korea, Russia, Saudi Arabia, South Africa, Turkey, the United Kingdom, the United States, and the European Union.









**Rishi Sunak Britain Prime Minster with Indian Prime Minster Hon. Narendra Damodar Das Modi**

**On the occasion of G20 Summit**

-


सत्यमेव जयते

**The President of Bharat**

requests the pleasure of the company of

at Dinner

on **Saturday, September 09, 2023** at **2000 hrs**







# Murals in Uttarakhand's Ramnagar depict local culture as town gets ready to host G20 meetings

Kusum Pandey, the first woman from Uttarakhand to be awarded the National Award in Fine Arts, and her team have taken up the task of carving the culture of Uttarakhand on the walls for the G20 meeting in Ramnagar.






**Uttarakhand Art**







पारंपरिक अंदाज में हुआ **G20** के मेहमानों का वेलकम

दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज...!!
RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
06–जुलाई-2023
संजय कुमार राजपूत



# हर्ष विद्या मंदिर पी.जी कॉलेज में प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु लगी मेरिट लिस्ट।

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पी.जी.कॉलेज रायसी में बी.ए प्रथम वर्ष, बी.एस.सी प्रथम वर्ष (सी.बी.जेड /पी.सी.एम्) बी.एस.सी.होम साइंस, बी.कॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु मेरिट लिस्ट जारी कर दी हैं | महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेश चन्द्र पालीवाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं को प्रवेश के समय मूल अंक तालिका, चरित्र प्रमाण पत्र, माइग्रेशन, टी.सी. लाना के साथ समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण की कॉपी भी लानी होगी | प्रबंध तंत्र के अध्यक्ष डॉ. के.पी.सिंह ने कहा कि महाविद्यालय उत्तराखंड सरकार के द्वारा अनुदानित हैं और न्यूनतम शुल्क पर शिक्षा उपलब्ध करा रहा हैं | प्रबंध समिति के सचिव डॉ. हर्ष कुमार दौलत ने कहा  कि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए  सभी  आधुनिक सुविधा उपलब्ध हैं | प्रवेश प्रकिया में डॉ. अजित राव, डॉ. प्रशांत कुमार डॉ. दुर्गा रजक, अवतार राणा, अमूल त्यागी, और अंशुल कुमार कार्य कर रहे हैं।


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

# पोस्टर प्रतियोगिता में दिया हरियाली पर जोर, हर्ष पीजी कॉलेज में हरेला पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता




» मदरलैंड संवाददाता

लक्सर ! हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज, रायसी में वनस्पति विज्ञान विभाग, तत्व इको क्लब एवं प्रांगण समिति द्वारा हरेला पर्व पर पोस्टर कंपटीशन आयोजित किया गया ! पोस्टर कंपटीशन की थीम उत्तराखंड में हरेला पर्व था ! महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह ने हरेला पर्व पर प्रकाश डाला ! उन्होंने कहा कि यह एक हिंदू त्योहार है और उत्तराखंड राज्य में वर्ष में 3 बार मनाया जाता है चैत्र, श्रावण एवं अश्विन उन्होंने बताया कि चैत्र एवं अश्विन मास में बोया काटे जाने वाला हरेला मौसम के बदलाव की सूचना देता है ! श्रावण माह में मनाया जाने वाला हरेला सामाजिक रूप से अपना विशेष महत्व रखता है ! महा विद्यालय प्रबंधन समिति सचिव डॉ. हर्ष कुमार दौलत ने हरेला पर्व की महत्वता बताएं बताते हुए कहा हरेला पर्व न केवल उत्तराखंड बल्कि हिमाचल प्रदेश में भी हरियाली पर्व के रूप में मनाया जाता है ! प्राचार्य प्रोफेसर राजेश चंद्र पालीवाल ने बताया की श्रावण मास शंकर का प्रिय है इस दिन भगवान शंकर को घर पर भिन्न प्रकार के मिष्ठान बनाकर एवं 5 या 7 प्रकार के बीज मिट्टी की टोकरी में उगा कर ,पूजा की जाती है उसके पश्चात दसवे दिन 4 से 6 इंच लंबी फसल को काटा जाता है 'इसी फसल को हरेला कहा जाता है हरेला जितना बड़ा होगा उतनी ही फसल अच्छी होगी भगवान शंकर जी से अच्छी फसल होने की भी कामना की जाती है तथा उन्होंने उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को इस दिन एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया ! कोऑर्डिनेटर डॉ. स्मृति कुकशाल एवं डॉ. सारिका महेश्वरी द्वारा कार्यक्रम को संचालित किया गया ! प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. अजीत कुमार राव, डॉ. शिल्पी पाल एवं डॉ. नीटूराम द्वारा किया गया ! कार्यक्रम के दौरान डॉ. परीक्षित कुमार, डॉ. मंजू रानी एवं डॉ. नरेंद्र कुमार उपस्थित रहे !

**21.07.2023 Motherland News paper**









लक्सर के रायसी में शुक्रवार को हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज के बच्चों ने हरेला पर्व के तहत रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक। ● हिन्दुस्तान

# छात्रों ने रैली निकालकर दिया पौधरोपण का संदेश

**लक्सर, संवाददाता।** रायसी के हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज में हरेला पर्व मनाया गया। इसमें रोवर्स, रेंजर्स और एनएसएस इकाई के छात्र-छात्राओं को हरेला पर्व की जानकारी दी गई। इसके बाद छात्रों ने रैली निकालकर हर साल एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संदेश दिया।

प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह ने कहा कि हरेला पहाड़ी संस्कृति का लोकपर्व है। उत्तराखंड के अलावा हिमाचल प्रदेश में इसे हर साल चैत्र, श्रावण एवं अश्विन माह में तीन बार मनाया जाता है। सचिव डॉ. हर्ष कुमार दौलत ने कहा कि हरेला पर पर्वतीय क्षेत्र की पारंपरिक खेती में भगवान से अच्छी पैदावार की मन्नत मांगी जाती है। प्राचार्य डॉ. राजेश चंद्र पालीवाल ने कहा कि श्रावण मास भगवान शंकर का प्रिय माना जाता है। इसलिए हरेला पर उनकी पूजा भी करते हैं। प्रभारी रोवर्स रेंजर्स डॉ. प्रीति गुप्ता, हरीश राम, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. दीपिका भट्ट, डॉ. अजीत राव, डॉ प्रशांत, डॉ. केपी तोमर, डॉ. अतुल कुमार दुबे, डॉ. सरला भारद्वाज, डॉ. मीनू ने भी विचार व्यक्त किए।

इसके बाद छात्र-छात्राओं ने रायसी में रैली निकाली और लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजन में निधि गुप्ता, कुलदीप का भी सहयोग रहा।

**22.07.2023 Hindustan News Paper**




**हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी हरिद्वार में दिनांक 21 जुलाई 2023 को रोवर/ रेंजर्स एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला विषय पर एक जन जागरूकता रैली को रायसी गांव में निकाला गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर के पी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता रैली को रवाना किया। महाविद्यालय सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश चंद्र पालीवाल जी ने कहा कि हरेला उत्तराखंड का लोक पर्व है जो पर्यावरण को बचाने की प्रेरणा देता है। रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ प्रीति गुप्ता एवं श्री हरीश राम जी ने कहा कि अपनी सांस्कृतिक पर्व को हमें मनाना चाहिए और छात्र-छात्राओं से अपील की कि उसमें उन्हें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए तभी वह अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक हो सकेंगे और राष्ट्र की उन्नति में सहायक होंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर दीपिका भट्ट ने कहा कि इस पर्व पर शिव पार्वती के विवाह की मान्यता है जो हमें अपनी संस्कृति और पर्यावरण को बचाने का संदेश देता है। लोकपर्व के द्वारा हम अपनी सभ्यता व संस्कृति का हस्तांतरण व सरंक्षण कर सकते हैं। इस रैली को सफल बनाने में डॉ अजीत राव, डॉ प्रशांत, डॉ के० पी० तोमर, डॉ अतुल कुमार दुबे, श्री कुलदीप, डॉ सरला भारद्वाज, डॉ मीनू, निधि गुप्ता, श्री विश्वनाथ शर्मा, श्री अनुज गुप्ता, श्री सरफराज हुसैन, श्री मोहसिन आदि ने सहयोग किया। इस रैली में राधा, शीतल, रितम, सिया, आरती, जसप्रीत, स्वाति, बिट्टू कुमार, खुशीराम, अनुज. सौरभ, गीतिका, प्रभात, आकृति, प्रशांत आदि छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।**



RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज...!

NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL

23–जुलाई-2023

संजय कुमार राजपूत




# एंटी ड्रग्स कमेटी द्वारा महाविद्यालय प्रांगण से रायसी के लिए निकाली गई नशा मुक्त जन जागरूकता रैली

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी हरिद्वार के एंटी ड्रग्स कमेटी द्वारा महाविद्यालय प्रांगण से रायसी के लिए नशा मुक्त जन जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर के पी सिंह और सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत ने एंट्री टैक्स कमेटी के नोडल अधिकारी डॉ अजीत राव की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस जन जागरूकता रैली से भारतीय समाज को नशा मुक्त बनाया जा सकता है इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरसी पालीवाल ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान की मुख्य कड़ी में हमारे महाविद्यालय के एंटी ड्रग्स कमेटी अपना प्रयास अनवरत रूप से कर रही है। एंटी ड्रग्स कमेटी के नोडल अधिकारी डॉ अजीत राव ने महाविद्यालय प्रांगण से रैली को हरी झंडी देकर रवाना करते हुए कहा कि इस जन जागरूकता रैली को सफल बनाने के लिए हमारे महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी के सहयोग से इस नशा मुक्त अभियान को सफल बनाया गया इस रैली को सफल बनाने के लिए डॉक्टर दीपिका भट्ट डॉ प्रशांत कुमार डॉक्टर सरला भारद्वाज डॉक्टर अतुल कुमार दुबे डॉ प्रीति गुप्ता, श्रीमती निधि गुप्ता, डॉ विक्रम सिंह डॉ रणवीर सिंह डॉक्टर मुरली सिंह आदि उपस्थित रहे।




विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

# प्रो. राजेश चंद्र पालीवाल का पेटेंट बौद्धिक संपदा विभाग ने किया प्रकाशित

**रुड़की बद्री विशाल।** हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी के प्राचार्य प्रोफेसर राजेश चंद्र पालीवाल एवं राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मनोज कुमार का भारत सरकार के बौद्धिक संपदा विभाग द्वारा 'टारगेटड एडवरटाईजिंग फॉर पॉलिटिक्ल कैपेंन' विषय पर पेटेंट प्रकाशित हुआ है। इस विषय पर पेटेंट होने से राजनीतिक दलों द्वारा विभिन्न चुनाव में प्रयोग की जाने वाली विभिन्न प्रकार के प्रचार को आधुनिक तकनीकी के द्वारा जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। इस पेटेंट के होने से न केवल प्राध्यापकों को अकादमिक लाभ होगा, अपितु शोध से जुड़े हुए छात्र-छात्राओं की आर्थिक समस्याओं का समाधान भी आसानी से किया जा सकेगा। प्रोफेसर राजेश चंद्र पालीवाल ने बताया कि आने वाले चुनाव में इस तकनीकी का लाभ विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अपने चुनाव प्रचार के दौरान उठाया जा सकता है। इस तकनीकी का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि इसमें महाविद्यालय के ऐसे छात्र छात्राओं को जोड़ा जाएगा, जो राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में रूचि रखते हुए शोध करना चाहते हैं। इस तकनीकी का प्रयोग करते हुए महाविद्यालय में कार्यरत राजनीति विज्ञान के प्राध्यापकों द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों से ऐसे प्रोजेक्ट हासिल करने का प्रयास किया जाएगा, जो कि विभिन्न राजनीतिक दल विभिन्न चुनाव में अपनी स्थिति जानने के लिए आंतरिक सर्वे करवाते हैं। राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि वर्तमान में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा ऐसी तकनीकी का प्रयोग चुनाव में लगातार किया जा रहा है। पिछले दिनों विभिन्न राज्यों एवं उत्तर प्रदेश में हुए स्थानीय निकाय के चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अपनी स्थिति जानने के लिए आंतरिक सर्वे का सहारा लिया गया। हमारा प्रयास होगा कि इस पेटेंट का महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को आकस्मिक लाभ के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी मिल सके। प्रोफेसर राजेश चंद्र पालीवाल प्राचार्य हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी उच्च शिक्षा परिषद उत्तराखंड के सदस्य भी हैं। प्रोफेसर पालीवाल कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन कर चुके हैं। लगभग 10 पुस्तकें उनकी प्रकाशित हैं और वह कई वृद्ध शोध परियोजनाओं को भी कर चुके हैं। प्रोफेसर पालीवाल विश्वविद्यालय की कई अकादमिक समितियों के सदस्य होने के साथ-साथ निरंतर अकादमिक गतिविधियों का आयोजन रायसी में कर रहे हैं। प्रोफेसर राजेश चंद्र पालीवाल एवं डॉ. मनोज कुमार की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह एवं सचिव डॉ. हर्ष कुमार दौलत ने शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शोध से ग्रामीण पृष्ठभूमि के इस महाविद्यालय को अधिक लाभ होगा। इस अवसर पर डॉ. अजीत कुमार राव, डॉ. केपी तोमर, डॉ. नीटू राम, डॉ. विनीता, डॉक्टर पूनम चौधरी, डॉ. निशा पाल, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. मीनू सैनी, डॉ. सारिका महेश्वरी, डॉ. स्मृति कुशाल, डॉ. प्रशांत, डॉ. हरीश राम, डॉ. विकास तायल आदि ने बधाई दी।



**Badrivishal News Paper 21.07.2023**




**22.07.2023**

हमारे ऊर्जावान माननीय परम आदरणीय उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत जी की प्रेरणा से हमने एक शोध जर्नल को प्रकाशित किया और आज हमारे रिसर्च जनरल जनरल ऑफ सोशल इश्यूज एंड डेवलपमेंट का विमोचन उच्च शिक्षा निदेशालय हल्द्वानी में उच्च शिक्षा निदेशक Prof. C. D. Suntha ji, उपनिदेशक प्रोफेसर आर एस भाकुनी उपनिदेशक प्रोफेसर एचएस नयाल उपनिदेशक प्रोफेसर मनीषा तिवारी, सहायक निदेशक प्रोफेसर गोविंद पाठक, चंपावत पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर चंद राम जी के के द्वारा किया गया मैं मैं भी स्वयं इसमें उपस्थित रहा निरंतर अकादमिक गतिविधियों की ओर अग्रसर यह जर्नल हमारी संस्था हेरिटेज के द्वारा प्रकाशित किया गया है जिसमें देश के जाने-माने हैं प्रोफेसर शिक्षाविद सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक दृष्टि से समाज में योगदान दे रहे कई गणमान्य सम्मिलित हैं |

# शिक्षा निदेशक उत्तराखंड प्रो.सी.डी.सुंठा ने किया प्रो. राजेश चन्द्र पालीवाल की शोध पत्रिका का उद्घाटन

बुलन्द वाणी, संजय राजपूत



**हरिद्वार, लक्सर।** प्रो. राजेश चन्द्र पालीवाल के शोध जर्नल ऑफ सोशल इश्यूज एंड डेवलपमेंट का उद्घाटन उच्च शिक्षा निदेशक प्रो.सी.डी.सुंठा ने किया` इस अवसर उप निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. हरीश नयाल उप निदेशक उच्च शिक्षा प्रो.आर.एस.भाकुनी उप निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. मनीषा तिवारी, सहायक निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. गोविन्द पाठक, चम्पावत के प्राचार्य प्रो. चन्द्र राम उपस्थित थें उच्च शिक्षा निदेशक प्रो.सी.डी.सुंठा ने इस अवसर पर कहा कि शोध जर्नल ऑफ सोशल इश्यूज एंड डेवलपमेंट के अन्दर बहुत शोध से सम्बंधित शोध पत्र प्रकाशित किये गए हैं` प्रो.सी.डी.सुंठा ने कहा कि प्रो. पालीवाल उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं` उन्होंने कहा कि डॉ. पालीवाल अभी तक कई नेशनल सेमिनार का आयोजन कर चुके हैं और लगभग 80 नेशनल और इंटरनेशनल सेमिनार में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं और इनकी 08 पुस्तके भी प्रकाशित हो चुकी हैं` यह जर्नल हिमालयन इकोलॉजी रिसर्च इंस्टिट्यूट फॉर ट्रेनिंग एंड ग्रासरूट एनहांसमेंट के तत्वाधान में प्रकाशित हुई हैं` इस संस्थान के निदेशक डॉ. दीपक पालीवाल ने कहा कि संस्थान महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, ग्रामीण विकास,लोकल उत्पाद के साथ सामाजिक समस्याओं के ऊपर कार्य कर रही हैं` उत्तराखंड के उत्पाद औषधीय गुणों से भरपूर हैं, जिनकी मांग बाजार में बढ़ रही है। यही समय है, प्रदेश के किसानों को प्रोत्साहित कर उन्हें आर्गेनिक खेती के लिए जागरूक किया जाए। स्वदेशी तत्व की संस्थापक अंजली अंथवाल ने कहा कि स्वदेशी तत्व संगठन किसानों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास कर रहा है। प्रो. पालीवाल ने कहा कि जल्दी ही हर्ष विद्या मंदिर पी.जी.कॉलेज,रायसी (हरिद्वार) में एक जनजाति विषय पर नेशनल सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा`

# उच्च शिक्षण संस्थानों में 14 अगस्त तक जमा होंगे ऑफलाइन आवेदन

**देहरादून (एसएनबी)।** उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल पर छात्र-छात्राओं को 25 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण कराना था लेकिन कई कारणों से सैकड़ों छात्र-छात्राएं पंजीकरण नहीं करा पाये। अब प्रवेश से वंचित रह छात्र-छात्राएं आगामी 14 अगस्त तक किसी भी राजकीय विश्वविद्यालय परिसर, सम्बद्ध निजी संस्थानों तथा राजकीय महाविद्यालयों में ऑफलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में संबंधित विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दे दिये गये हैं।



**कई वजहों से सैकड़ों विद्यार्थी समर्थ पोर्टल पर प्रवेश पंजीकरण से रह गए वंचित**

**पोर्टल पर छात्र-छात्राओं को 25 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण कराना था**

उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने शनिवार को यमुना कालोनी स्थित अपने शासकीय आवास पर एसोसिएशन ऑफ सेल्फ फाइनेंस इंस्टीट्यूट उत्तराखंड के पदाधिकारियों को साथ हुई बैठक में एफिलिएटिंग विश्वविद्यालयों को इस बाबत निर्देश दिए हैं। डा. रावत ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियमित शिक्षण सत्र के लिए राज्य सरकार ने एक प्रवेश, एक परीक्षा, एक परिणाम, एक चुनाव व एक दीक्षांत की नीति लागू की है। इसके तहत एक छात्र-छात्राओं द्वारा जो भी ऑफलाइन माध्यम से जो आवेदन किए जाएंगे, संबंधित महाविद्यालय तथा संस्थान को ऐसे छात्रों का पंजीकरण स्वयं समर्थ पोर्टल पर कराना होगा।

विभागीय मंत्री रावत ने बताया कि निजी शिक्षण संस्थानों के संचालकों से पर्वतीय क्षेत्रों में एक-एक निजी शिक्षण संस्थान खोलने की अपील की गई है, निजी शिक्षण संस्थान खोलने पर राज्य सरकार उन्हें मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराएगी। जिस पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सहमति जताई। बैठक में उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगोली, अपर सचिव प्रशांत आर्य, एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, चौधरी दरियाब सिंह, प्रेम कश्यप, गुरुदेव सिंह, राम कुमार शर्मा, सौरभ शर्मा, अमरीश कुमार गर्ग, निशांत थपलियाल, अजय जसोला, प्रदीप जैन, हिमांशु कुकरेजा, हरीश अरोड़ा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन-चार शैक्षणिक सत्र सुमन विवि व कुमाऊं विवि नहीं दे रहे संबद्धता विस्तारण प्रमाण पत्र

**देहरादून।** एसोसिएशन ऑफ सेल्फ फाइनेंस इंस्टीट्यूट उत्तराखंड के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि श्रीदेव सुमन विवि एवं कुमाऊं विवि से सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों को विगत तीन-चार शैक्षणिक सत्र से सम्बद्धता विस्तारण प्रमाण पत्र नहीं मिला है।

इस कारण छात्र-छात्राओं को कई दिक्कतों का सामना करना रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से शैक्षणिक सत्र 2023-24 से पूर्व की सम्बद्धता विस्तारण वन टाइम सैटेलमेंट के तहत कराई जाए तथा भविष्य में ऑनलाइन एफिलिएशन की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा बैठक में विश्वविद्यालयों को अधिक स्वायतत्ता देने, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्ति करने तथा समय पर परीक्षा आयोजन व परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग भी एसोसिएशन ने रखी।

# VARTA: A cultural Festival of Diversity and Expression Of North Himalayas



समस्त छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दून विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम दिनांक **18** अगस्त से **20** अगस्त **2023** को आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएं **29** जुलाई **2023** तक अपने नाम निम्न प्राध्यापकों को दे सकते हैं

**Folk Dance Competition**
**Venue: Doon University Dehradun**
**DATE: 20th August**

**Dr.Nisha Pal**
**Dr. Vineeta**
**Dr.Vikas Tayal**
**Dr.Vikram Singh**
**Mr.Akshay Gautam**




शहीदों को नमन




विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू0जी0सी0) के रैगिंग निषेध अधिनियम 2009 के नियम-7 के अनुसार रैगिग एक अपराधिक गतिविधि है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू. जी.सी.) रैगिंग अधिनियम 2009 के नियम-6 6.3 दिनांक 17 जून 2009 के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर में रैगिंग निषेध समिति का गठन हुआ है।

# Harsh Vidya Mandir (P.G.) College, Raisi

## Time Table 2023-24- Arts (w.e.f. 07-08-2023)

| Class/ Time | 9:00-09:45 | | 09:45-10:30 | | 10:30-11:15 | | 11:15-12:00 | | 12:00-12:45 | | 12:45-01:30 | | 01:30-02:15 | | 02:15-03:00 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Subject | Room No. | Subject | Room No. | Subject | Room No. | Subject | Room No. | Subject | Room No. | Subject | Room No. | Subject | Room No. | Subject | Room No. |
| B.A. I Sem . | English Hindi | F-11 F-08 | Hist. Geog. | F-11 F-10 | Pol. Sci. | F-11 | Eco. Draw. | F-07 LAB | Education | F-11 | Sociology | F-11 | Com. Skill | F-11 | | |
| B.A. III Sem. | Hist. Geog | F-01 F-10 | Hindi English | F-03 F-01 | Sociology | F-01 | Education | F-01 | Eco. Draw. | F-07 LAB | Pol. Sci. | F-01 | Mgt. Gita | F-01 | CLASSES START AFTER EXAM | |
| B.A. III Year. | | | | | Education | F-03 | Pol. Sci. | F-03 | Sociology | F-03 | History Geo. | F-03 F-10 | Eco. Draw. | F-07 LAB | Hindi English | F-01 F-03 |
| B.Com. | | G-14 | | G-14 | | G-14 | | G-14 | | G-14 | | G-14 | | G-14 | | |
| B.Sc. H.Sci. | CLASSES START AFTER EXAM | | | | | | | | | | | | | | | |
| M.A. II Sem. | Hindi<br>Socio.<br>Pol. Sci.<br>Hist.<br>Draw.<br>Geo.<br>Eng.<br>Edu.<br>Econ. | G-13<br>G-04<br>G-03<br>F-02<br>Lab<br>Lab<br>G-02<br>G-07<br>F-07 | CLASSES FOR PREPARATION DISSERTATION / VIVA-VOCE | | | | | | | | | | | | | |
| M.A. IV Sem. | | | | | Hindi<br>Socio.<br>Pol. Sci.<br>Hist.<br>Draw.<br>Geo.<br>Eng.<br>Edu.<br>Econ. | G-13<br>G-04<br>G-03<br>F-02<br>Lab<br>Lab<br>G-02<br>G-07 F-07 | CLASSES FOR PREPARATION DISSERTATION / VIVA-VOCE | | | | | | | | | |
| M.Com. M.Sc.H.Sci. | G-15 G-06 | CLASSES FOR PREPARATION DISSERTATION / VIVA-VOCE | | | | | | | | | | | | | | |

समस्त प्रभारी एवं सहप्रभारी अपने-2 विभाग की आन्तरिक समय-सारणी तैयार कर 4/08/2023 तक डॉ० प्रशान्त कुमार (प्रभारी समय सारणी) को भेजना सुनिश्चित करें।

03/08/23

प्राचार्य
हर्ष विद्या मन्दिर (पी० जी०) कॉलेज,
रायसी (हरिद्वार)

# H.V.M. (P.G.) College Raisi Haridwar

## Time Table for Odd Semester / Year 2023-24

### Faculty of Science (w.e.f. 07-08-2023)

| Class/ Time | 9:00-09:45 | | 09:45-10:30 | | 10:30-11:15 | | 11:15-12:00 | | 12:00-12:45 | | 12:45-01:30 | | 01:30-02:15 | | 02:15-03:00 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Subject | Room No. | Subject | Room No. | Subject | Room No. | Subject | Room No. | Subject | Room No. | Subject | Room No. | Subject | Room No. | Subject | Room No. |
| B.Sc. I Sem . | | | Phy / Bot | S-08 / S-05 | Maths / Zoo | S-08 / S-05 | Chem (PCM) / Chem (CBZ) | S-08 / S-05 | Chem Lab (CBZ) (M,T) Phy Lab/ Bot Lab (W,Th) Zoo Lab (F, S) | | | S-12 S-7 / S-3 S-10 | Comm. Skill | F-11 | | |
| B.Sc. III Sem. | CLASSES WILL START AFTER EXAMINATION | | | | | | | | | | | | | | | |
| B.Sc. III Year. | | | Phy / Bot | F-12 / F-13 | Chem (PCM) / Chem (CBZ) | F-12 / F-13 | Maths / Zoo | F-12 / F-13 | Chem Lab (CBZ) (W,Th) Phy Lab/ Bot Lab (F,S) Zoo Lab (M, T) | | | S-12 S-7 / S-3 S-10 | | | | |
| M.Sc. II Sem. | Phy<br>Chem<br>Maths<br>Bot<br>Zoo | Lab of concerned department | CLASSES FOR PREPARATION DISSERTATION / VIVA-VOCE | | | | | | | | | | | | | |
| M.Sc. IV Sem. | | | | | Phy<br>Chem<br>Maths<br>Bot<br>Zoo | Lab of concerned department | CLASSES FOR PREPARATION DISSERTATION / VIVA-VOCE | | | | | | | | | |

समस्त प्रभारी / सह प्रभारी अपने-अपने विभाग की आन्तरिक समय सारणी तैयार कर 04/08/2023 तक डॉ० प्रशान्त कुमार (प्रभारी समय सारणी) को भेजना सुनिश्चित करें।

Prof. [illegible] 03/08/2023
(Principal)

प्राचार्य
एच. वी. एम. पी. जी. कॉलेज
रायसी (हरिद्वार)

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# हर्ष पीजी कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू, जनजाति की परम्परा और इतिहास पर हुई निबंध प्रतियोगिता



» **मदरलैंड संवाददाता**

लक्सर ! हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज, रायसी में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत इतिहास विभाग द्वारा 'इंटरनेशनल डे ऑफ वर्ल्ड इंडीजीनस पीपल्स पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय उत्तराखंड की प्रमुख जनजातियां एवं संस्कृति और जनजाति के नायक रखा गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर राजेश पालीवाल पालीवाल ने कहा कि आजादी में जनजाति समुदाय का बहुत बड़ा योगदान रहा है, लेकिन कुछ लोगों ने इसका पूरा श्रेय मुट्ठीभर लोगों को दिया है। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज के लोगों ने आक्रमणकारियों से देश के जल, जंगल जमीन को बचाने के लिए संघर्ष किया। वे देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी पर झुल गए लेकिन देश पर आंच नहीं आने दी। प्रो. पालीवाल ने कहा कि अंग्रेजों एवं मुगलों से देश के धर्म, संस्कृति, परंपरा को बचाये रखने का काम जनजाति समुदाय के लोगों ने किया। इतिहास विभाग की सराहना करते हुए कहा कि इस निबंध प्रतियोगिता का विषय छात्र छात्रों के लिए प्रेरणादाई है। प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह और डॉ. हर्ष कुमार दौलत ने ऑन लाइन कार्यक्रम की शुरूवात करते हुए कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान नौ अगस्त को शुरू होगा, जिसके तहत 15 अगस्त, 2023, स्वतंत्रता दिवस तक निर्धारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद के कार्यक्रम 16 अगस्त, 2023 से ब्लॉक, नगर पालिका/निगम और राज्य स्तर पर होंगे। समापन समारोह कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में 30 अगस्त को निर्धारित है। वर्तमान समय में उत्तराखंड की जनजातियो की परंपरागत कार्य शैली एवं संस्कृति इतिहास को जानना छात्र छात्रों के लिए नितांत आवश्यक है इस अवसर पर इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अजीत राव ने कहा कि इस निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय के लगभग 47 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाया इस प्रतियोगिता का मुख्य लक्ष्य उत्तराखंड के गढ़वाल एवं कुमायूं मंडल में निवास करने वाली सभी जनजातियों की परंपरागत शैली और संस्कृति की प्रासंगिकता वर्तमान समय में उत्तराखंड राज्य में विद्यमान रहे। प्रतियोगिता का निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए डॉ प्रशांत कुमार डॉ रणवीर सिंह और डॉ प्रीति गुप्ता ने किया! इसमें तनु प्रथम, वैशाली दृतीय एवं रुबीना प्रवीण तृतीय स्थान पर रही! सभी को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सरला भारद्वाज, डॉ. मीनू, डॉ. राहुल कौशिक, डॉ. ललित, डॉ. मुरली सिंह, डॉ. दीपिका भट्ट ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**Mother Land News Paper 10.08.2023**









TEACHER TRAINING WORK
"Hands on Science Activi
(11th, August 2023 to 14th August 2
in Haridwar District
Uttarakhand
Sponsored By
NCSTC, DEPARTMENT OF SCIENCE
NEW DELHI
Organized By
हर्ष विद्या मंदिर (पी०जी०)कॉलेज,रायसी-हरिद्वार
11th-14th AUGUST 2023


TEACHER TRAINING
"Hands on Science
(11th, August 2023 to 14th A
in Haridwar Dis
Uttarakhand
हर्ष विद्या मंदिर (पी०जी०)कॉलेज,रायसी-हरिद्वार
11th-14th AUGUST 2023




iQOO Z6
Aug 12, 2023, 15:40




# छात्रों को दिखाए विज्ञान के चत्मकार

## विज्ञान कार्यशाला

**लक्सर (एसएनबी)।** हर्ष विद्या मंदिर महाविद्यालय रायसी में शिक्षा विभाग की ओर से तीन दिवसीय विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह, समिति के सचिव व ब्लॉक प्रमुख डा. हर्ष कुमार दौलत, प्राचार्य प्रो. आरसी पालीवाल, डा. केपी तोमर, डा. केएस टंडवाल व डा. अजीत राव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में वैज्ञानिकों ने छात्र-छात्राओं को विज्ञान के कई चमत्कार दिखाए।

मुख्य अतिथि डा. हर्ष कुमार दौलत ने बताया कि कार्यशाला बहुत ही ज्ञानवर्धक व उत्साहवर्धक होती है। हमें इस प्रयोगशाला से अपने दैनिक जीवन में होने वाली समस्याओं के समाधान को सीखना है। विज्ञान से किस प्रकार जीवन को आसान बनाया जा सकता है, यह छात्रों को सिखाना है। स्वास्तिक ग्रामोद्योग संस्थान आमसौड़ दुगड्डा से आये संस्था के अध्यक्ष किरन डोगरा, संरक्षक पूर्णानंद गोस्वामी, वरिष्ट वैज्ञानिक दीपक शर्मा व सदस्यों में आकाश, संदीप, वैज्ञानिक रोहिणी ने कार्यशाला को प्रायोजित किया।

रोहिणी ने पानी से दीप प्रज्ज्वलित कर दिखाया। दीप प्रज्ज्वलित करने के पीछे का वैज्ञानिक कारण बताते हुए कहा कि पानी के अंदर मोम की बाती को रखा गया था। जहां पानी व मोम का घनत्व अलग-अलग होता है। जिस वजह से पानी बत्ती में नही चढ़ा और बत्ती जलने लगी। वरिष्ठ वैज्ञानिक दीपक शर्मा ने पाइप से हथेली में छेद करना, जिसके पीछे का कारण दिमाग ने दोनों वस्तुओं को एक समय में एक साथ रीड किया। जिस कारण देखने से हथेली मे छेद हुआ प्रतीत हुआ। कार्यशाला में टू डी-डिमेनशन को समझाने के लिये तीन फीट की दूरी पर खड़े व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति के निर्देश पर सिक्के को खाली गिलास मे डालना, बिना माचिस के हवन कुंड मे अग्नि प्रज्ज्वलित करना आदि क्रियायें करके दिखायी गयी। गिलास मे दो रबड़ की गेंद डालकर गिलास को डमरू की तरह घुमाया गया। कार्यशाला को डा. विक्की, डा. केपी तोमर, डा. अजीत राव आदि ने भी संबोधित किया।




हर्ष विद्या मंदिर लक्सर में आयोजित कार्यशाला में अतिथि को सम्मान करते हुए।


कार्यालय, अ
उत्तराखण्ड पेयजल
फोन / फैक्स

पंत्राक — 5264 / निविदा / 1291

/ /

एतद् द्वारा अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पेयजल सं
जनपद पौड़ी (गढ़वाल) के विकासखण्ड द्व
हेतु उनके सम्मुख निर्दिष्ट श्रेणी के उत्तराखण
मोहरबन्द निविदायें दिनांक 17.08.2023 (किर
तक इस कार्यालय में आंमत्रित की जाती है,
3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत स
5:00 बजे तक इस कार्यालय से प्राप्त की जा स

| क्र0 सं0 | कार्यो का विवरण |
|---|---|
| 1 | राजस्व ग्राम कूतनी (ग्रामसभा कूतनी) के अवशेष तत्सम्बन्धित कार्य। |
| 2 | राजस्व ग्राम ढौडरी (ग्रामसभा पवेख) के अवशेष तत्सम्बन्धित कार्य। |
| 3 | राजस्व ग्राम कटूर (ग्रामसभा स्यालना) व अन्तर्गत अवशेष तत्सम्बन्धित कार्य। |
| 4 | राजस्व ग्राम स्यालना (ग्रामसभा स्यालन अन्तर्गत अवशेष तत्सम्बन्धित कार्य। |
| 5 | राजस्व ग्राम मसोगी (ग्रामसभा कुतणी) व अन्तर्गत अवशेष तत्सम्बन्धित कार्य। |
| 6 | राजस्व ग्राम गढकोट (ग्रामसभा गढकोट |


**Rashtiy Sahara 12.08.2023**

हर्ष महाविद्यालय में शिक्षा विभाग की ओर से तीन दिवसीय विज्ञान कार्यशाला शुरू

# विज्ञान से ही हम असंभव को आसानी से संभव बना सकते हैं: सिंह

भास्कर समाचार सेवा

लक्सर। हर्ष महाविद्यालय रायसी में शिक्षा विभाग की ओर से तीन दिवसीय विज्ञान कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप मे महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ केपी सिंह, सचिव व लक्सर ब्लॉक प्रमुख डॉ हर्ष कुमार दौलत प्राचार्य प्रोफेसर आरसी पालीवाल डॉ केपी तोमर डॉ केएस टंडवाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप डॉ केपी सिंह ने छात्र-छात्राओं को बताया कि यह कार्यशाला बहुत ही ज्ञानवर्धक एवं उत्साहवर्धक है। इस कार्यशाला से अपने दैनिक जीवन में होने वाली समस्याओं के समाधान को कम समय और कम खर्चे मे और आसानी से कैसे किया जाए? इत्यादि को हम विज्ञान से ही आसानी से सम्भव बना सकते है। स्वास्तिक ग्रामोद्योग संस्थान आमसोड दुगड्डा से आए संस्था के अध्यक्ष किरन डोगरा, संरक्षक पूर्णानंद गोस्वामी, वरिष्ट वैज्ञानिक दीपक शर्मा एवं सदस्यों में आकाश, संदीप, रोहिणी ने किया। वैज्ञानिक रोहिणी ने पानी से दीप प्रज्वलित करना दिखाया। वरिष्ठ वैज्ञानिक दीपक शर्मा ने पाइप के द्वारा हथेली में छेद करना जिसके पीछे का कारण दिमाग ने दोनों वस्तुओं को एक समय में एक साथ रीड किया। 2 D डाइमेनशन के लिए तीन फीट की दूरी पर खड़े व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति के द्वारा दिए निर्देश पर सिक्के को खाली गिलास में डालना, बिना माचिस के हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित करना जिसके पीछे ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया के अंतर्गत हवन कुंड मे सामग्री के साथ पोटेशियम परमेग्नेट मिलाकर रखा गया उसमें घी की जगह पर ग्लिसरीन डालने पर अग्नि प्रज्वलित हो जाती है। गिलास मे दो रबड़ की गेंद डालकर गिलास को डमरू की तरह घुमाया गया। डॉ विक्की डॉ केपी तोमर डॉ अजीत राव आदि ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में आस्था गोयल, कु शैजल, बचन सिंह, विशाल, अंजलि मित्तल, उषा, सुरभि खरवार, विवेक, ललिता, शोयब अली, शिवानी, प्रीति पाण्डे, आरती, प्राची, प्रियंका, शिवानी सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यशाला के दौरान मौजूद अतिथि व प्रतिभागी।

**Bhaskar News Paper 13.08.2023**

# हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी में हर्सोल्लास से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

**हरिद्वार, लक्सर (संजय राजपूत)।** हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी हरिद्वार में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ के पी सिंह एवं डॉ हर्ष कुमार दौलत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस उपलक्ष पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश चंद्र पालीवाल जी ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष पर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस को मनाए जाने का कारण समझाते हुए बताया कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के विभिन्न सहायक आचार्य डॉ राहुल कौशिक, डॉ अश्वनी कुमार, डॉ पी तोमर, डॉ कुलदीप, डॉ सारिका महेश्वरी, डॉ स्मृति, डॉ नेहा सिंह, डॉ इकराम, निधि डॉ सुरजीत कौर इत्यादि उपस्थित रहे।



**Buland Vaani 13.08.2023**



**ये बात हवाओं को बताए रखना**
**रोशनी होगी चिरागों को जलाए रखना**
**लहू देकर जिसकी हिफाजत हमने की**
**ऐसे तिरंगे को सदा दिल में बसाए रखना**
**स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं**






**प्रो. राजेश चन्द्र पालीवाल**
**प्राचार्य**
**हर्ष विद्या मंदिर पी.जी.कॉलेज रायसी (हरिद्वार)**









G20
Y20
आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम
"माटी को नमन - वीरों का वंदन"
माह:- अगस्त 2023
वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम
आयोजक- नेहरू युवा केन्द्र हरिद्वार
ब्लॉक- खानपुर (NYV-पंकज कुमार)
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार


हर्ष विद्या मन्दिर स्नातकोत्तर कॉलेज
रायसी-हरिद्वार
(उत्तराखण्ड)
GPS Map Camera Lite
M3M6+VRH, Raisi, Habibpur Koodi, Uttarakhand 247671, India
Latitude
29.68560941°
Longitude
78.06153348°
Local 09:33:41 AM
GMT 04:03:41 AM
Altitude 233 meters
Tuesday, 15.08.2023


मेरी माटी मेरा देश
अभियान


77th INDEPENDENCE DA
जय हिन्द जय भारत


Download
ANTI RAGGING
App
SAY NO TO
RAGGING
YES TO
JOYFULCAMPUS
What is Ragging?
Any Act Resulting in:
• Mental/physical/sexual Abuse
• Verbal Abuse
• Indecent Behaviour
• Criminal Intimidation/wrongful Restraint
• Undermining Human Dignity
• Financial Exploitation/extortion
• Use Of Force
A STUDENT INDULGING IN RAGGING CAN BE:
• Cancellation of admission.
• Suspension from attending classes.
• Withholding/withdrawing Scholarship/Fellowship and other benefits.
• Debarring from appearing in any test/ examination or other evaluation process.
• Withholding results.
• Debarring from representing the institution in any regional, national or international meet, tournament or youth festival etc.
• Collective punishment : when the persons committing or abetting the crime of ragging are not identified the institution shall resort to collective punishment as a deterrent to ensure community pressure on potential ragger.
Immediately call
UGC Anti-Ragging Helpline
1800-180-5522 (24X7 toll free)
or send an e-mail to helpline@antiragging.in
MHRD
DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION
MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
quality higher education for all
ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये


DON'T RAG,
JUST INTERACT
RAGGING
IN ANY FORM IS
PUNISHABLE
Visit UGC website i.e. www.ugc.ac.in & www.antiragging.in to see UGC Anti Ragging Regulations
Download
ANTI RAGGING
App
Are you being ragged ?
Immediately call UGC Anti Ragging Helpline
1800-180-5522 (24X7 Toll Free)
Or send an e-mail to helpline@antiragging.in
Issued in public interest by:
Ministry of Human Resource Development
Department of Higher Education
Government of India
Join hands to make your campus ragging free
MHRD
DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION
MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
quality higher education for all
ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये

# हर्ष महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

गोल्डन टाइम्स

लक्सर (फरमान खान)हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी हरिद्वार में एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ केपी सिंह व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफसर आरसी पालीवाल ने द्वीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक महोदय डॉक्टर के पी सिंह ने कहा कि रैगिंग एक अपराध है हमें इस प्रकार के अपराध से बचना चाहिए रैगिंग का छात्रों के व्यक्तित्व पर बुरा प्रभाव पड़ता है और जिससे कभी–कभी छात्र आत्महत्या जैसे कदम तक भी उठा लेता है इसलिए हम शपथ लें कि न तो हम रैगिंग करेंगे और ना ही करने देंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर पालीवाल ने कहा की हमें अपने महाविद्यालय कैंपस को रैगिंग फ्री कैंपस बनाना है। रैगिंग एक अपराध है जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने अनेक धाराओं का प्रावधान किया है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एंटी रैगिंग



समिति के प्रभारी कुलदीप सिंह टण्डवाल ने सभी छात्रध्छात्राओं को रैगिंग के अनेक दुष्प्रभावों को प्रोजेक्ट के माध्यम से दिखाते हुए सभी को जीवन में रैगिंग ना करने और न करने देने की शपथ दिलाई। साथ ही यह भी बताया कि महाविद्यालय में एण्टी रैगिंग सप्ताह मनाया जा रहा है जोकि 12 अगस्त से 18 अगस्त 2023 तक चलेगा, जिसके अंतर्गत अनेकों एण्टी रैगिंग सम्बन्धी क्रिया–कलाप जैसे स्लोगन प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता इत्यादि प्रतियोगिताऐं करायी जाएंगी इसलिए सभी छात्र ध छात्राएं प्रत्येक प्रतियोगिता में बढ़–चढ़कर हिस्सा लें। उक्त कार्यक्रम में डॉ केपी तोमर डॉ मो इकराम,डॉ मुरली सिंह डॉ दुर्गा रजक डॉ वन्दना,डॉ नरेंद्र कुमार एवम् भंवर सिंह आदि उपस्थित रहे।

**Golden Times 19.08.2023**



# रैगिंग एक अपराध है, हमें महाविद्यालय को रैगिंग फ्री कैंपस बनाना है : प्राचार्य प्रो० आर०सी० पालीवाल




**बुलन्द वाणी ● संजय राजपूत**

**हरिद्वार, लक्सर।** हर्ष विद्या मंदिर पी0जी0 कॉलेज, रायसी में एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ० के०पी० सिँह व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफसर आर०सी० पालीवाल ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक महोदय डॉक्टर के0 पी0 सिंह ने कहा कि रैगिंग एक अपराध है हमें इस प्रकार के अपराध से बचना चाहिए रैगिंग का छात्रों के व्यक्तित्व पर बुरा प्रभाव पड़ता है और जिससे कभी-कभी छात्र आत्महत्या जैसे कदम तक भी उठा लेता है इसलिए हम शपथ लें कि न तो हम रैगिंग करेंगे और ना ही करने देंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर राजेश पालीवाल ने कहा की हमें अपने महाविद्यालय कैंपस को रैगिंग फ्री केंपस बनाना है। रैगिंग एक अपराध है जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने अनेक धाराओं का प्रावधान किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एंटी रैगिंग समिति के प्रभारी कुलदीप सिंह टण्डवाल ने सभी छात्र/छात्राओं को रैगिंग के अनेक दुष्प्रभावों को प्रोजेक्ट के माध्यम से दिखाते हुए सभी को जीवन में रैगिंग ना करने और न किसी और को करने देने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में 12 से 18 अगस्त तक एण्टी रैगिंग सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत एण्टी रैगिंग संबंधित स्लोगन, पोस्टर अथवा अन्य प्रतियोगिताऐं आदि क्रिया-कलाप कराये जाएंगे। सभी छात्र /छात्राएं प्रत्येक प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उक्त कार्यक्रम में डॉ0 के0पी0, तोमर, डॉ0 मो0 इकराम, डॉ0 मुरली सिँह, डॉ0 दुर्गा रजक, डॉ0 वन्दना, डॉ0 नरेंद्र कुमार व श्री भंवर सिँह आदि उपस्थित रहे।


समाचार पत्र में प्रकाशित सभी लेखो, विचारों व समाचारों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नह

मालिक मुद्रक व प्रकाशक तब्बसुम कुरेशी ने गोपी प्रिन्टर्स, 119 मुलतान नगर

सम्पादक तब्बसुम कुरैशी, मो.-9368347421,


**Buland Vaani 19.08.2023**

HARSH VIDYA MANDIR POST GRADUATE COLLEGE, RAISI (HARIDWAR) UTTARAKHAND – 247671

**Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University,Badsahithaul Tehri**

असतोमा सदगमय




Addon Certificate Course | Science | Arts

Commerce | Home Science

## Session -2023-2024

## Add-On/Certificate Courses


Keeping in view the New Education Policy - 2020 and the market demand for skilled students in various fields, Harsh Vidya Mandir P.G.College, Raisi (Haridwar) offers several Add-on/Certificate Courses from varied departments for providing the students participative as well as skill based education for increasing their employability prospects and preparing them to face the current competition in the outside world. They have utility for job market or self-employment and empower the students. The course curriculum is designed in such a way that it provides the students detailed knowledge and skills required to perform job responsibilities and further helps them perform confidently and efficiently at workplace.

# हर्ष डिग्री कालेज में एंटी रैगिंग सप्ताह का समापन



**लक्सर (फरमान खान)**हर्ष विद्या मंदिर पीजीकॉलेज रायसी हरिद्वार में 12 अगस्त से 18 अगस्त 2023 तक एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर पालीवाल ने कहा की हमें अपने महाविद्यालय कैंपस को रैगिंग फ्री बनाना है। साथ ही सभी छात्र /छात्राओं के मार्गदर्शन में ऐंटी रैगिंग सम्बन्धी नियमों पर प्रकाश डालते हुए जागरूक किया व उनको उज्ज्वल भविष्य की तैयारी हेतु कड़ी से कड़ी मेहनत करने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एंटी रैगिंग समिति के प्रभारी कुलदीप सिंह टण्डवाल ने सभी छात्र/छात्राओं को लघु फिल्म के माध्यम से रैगिंग से होने वाले अनेको दुष्प्रभावों को विस्तारपूर्वक दशार्तें हुए समझाया गया। ऐंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत करायी गयी प्रतियोगिताएं जैसे - कविता, स्लोगन एवम् पोस्टर इत्यादि में सभी छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसका मूल्यांकन डॉ प्रमोद कुमार द्वारा कर अंतिम परिणाम घोषित किया गया पोस्टर प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कु गीतिका सिँह प्रथम कु सोनिका द्वितीय एवम् एमए की छात्रा ऋतु सिँह तृतीय व कविता में कु गौरी बंसल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में डॉ मो इकराम डॉ मुरली सिँह डॉ दुर्गा रजक,डॉ वन्दना,डॉ नरेंद्र कुमार डॉ केपी तोमर एवम् श्री भंवर सिँह आदि उपस्थित रहे।

**Bhaskar News Paper 20.08.2023**



आलोक, वंश, दीपक, राखी, आफिया, कृष्णा आदि शामिल रहे।

# हर्ष पीजी में एंटी रैगिंग कार्यक्रम में दिया रैगिंग से दूर रहने पर जोर

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज, रायसी में एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. केपी सिँह व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफसर आरसी पालीवाल ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. केपी सिंह ने कहा कि रैगिंग एक अपराध है हमें इस प्रकार के अपराध से बचना चाहिए रैगिंग का छात्रों के व्यक्तित्व पर बुरा प्रभाव पड़ता है और जिससे कभी-कभी छात्र आत्महत्या जैसे कदम तक भी उठा लेता है इसलिए हम शपथ लें कि न तो हम रैगिंग करेंगे और ना ही करने देंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर पालीवाल ने कहा की हमें अपने महाविद्यालय कैंपस को रैगिंग फ्री केंपस बनाना है। रैगिंग एक अपराध है जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने अनेक धाराओं का प्रावधान किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एंटी रैगिंग समिति के प्रभारी कुलदीप सिंह टण्डवाल ने सभी छात्रों को रैगिंग के अनेक दुष्प्रभावों को प्रोजेक्ट के माध्यम से दिखाते हुए सभी को जीवन में रैगिंग ना करने और न करने देने की शपथ दिलाई। साथ ही यह भी बताया कि महाविद्यालय में एण्टी रैगिंग सप्ताह मनाया जा रहा है जोकि 12 अगस्त से 18 अगस्त तक चलेगा, जिसके अंतर्गत अनेकों एण्टी रैगिंग सम्बन्धी क्रिया-कलाप, स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिताऐं करायी जाएंगी, इसलिए सभी छात्र प्रत्येक प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। कार्यक्रम में डॉ. केपी, तोमर, डॉ. मो. इकराम, डॉ. मुरली सिँह, डॉ. दुर्गा रजक, डॉ. वन्दना, डॉ. नरेंद्र कुमार, एवम् श्री भंवर सिँह आदि उपस्थित रहे।

**Motherland News Paper 20.08.2023**



गोल्डन टाइम्स, रुड़की 21.08.2023

# हर्ष डिग्री कालेज में एंटी रैगिंग सप्ताह का समापन

गोल्डन टाइम्स

लक्सर (फरमान खान)हर्ष विद्या मंदिर पीजीकॉलेज रायसी हरिद्वार में 12 अगस्त से 18 अगस्त 2023 तक एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर पालीवाल ने कहा की हमें अपने महाविद्यालय कैंपस को रैगिंग फ्री बनाना है। साथ ही सभी छात्र छात्राओं के मार्गदर्शन में ऐंटी रैगिंग सम्बन्धी नियमों पर प्रकाश डालते हुए जागरूक किया व उनको उज्ज्वल भविष्य की तैयारी हेतु कड़ी से कड़ी मेहनत करने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एंटी रैगिंग समिति के प्रभारी कुलदीप सिंह टण्डवाल ने सभी छात्रछात्राओं को लघु फिल्म के माध्यम से रैगिंग से होने वाले अनेको दुष्प्रभावों को विस्तारपूर्वक दर्शातें हुए समझाया गया। ऐंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत करायी गयी प्रतियोगिताएं जैसे



–कविता, स्लोगन एवम् पोस्टर इत्यादि में सभी छात्रछात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया जिसका मूल्यांकन डॉ प्रमोद कुमार द्वारा कर अंतिम परिणाम घोषित किया गया पोस्टर प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कु गीतिका सिंह प्रथम कु सोनिका द्वितीय एवम् एमए की छात्रा ऋतु सिंह तृतीय व कविता में कु गौरी बंसल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में डॉ मो इकराम डॉ मुरली सिंह डॉ दुर्गा रजक,डॉ वन्दना, डॉ नरेंद्र कुमार डॉ केपी तोमर एवम् श्री भंवर सिंह आदि उपस्थित रहे।






**दून विश्वविद्यालय देहरादून में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने जाते महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए प्रबंध तंत्र के अध्यक्ष डॉ. के पी. सिंह जी डॉ. प्रभावती जी उपाध्यक्ष, डॉ. हर्ष कुमार दौलत जी सचिव एवं ब्लाक प्रमुख लक्सर**









दून विश्वविद्यालय देहरादून में छात्र-छात्राओं के साथ प्राध्यापकगण

# दास व्यापार और उसके उन्मूलन की याद में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय दिवस



**बुलन्द वाणी/संजय राजपूत**

**हरिद्वार, लक्सर।** हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा दास व्यापार और उसके उन्मूलन की याद में अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया ' इस अवसर पर विभाग द्वारा एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 56 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजेश चंद्र पालीवाल ने दास प्रथा एवं दास व्यापार जैसी सामाजिक बुराइयों पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि 21वीं शताब्दी में इस प्रकार की सामाजिक बुराइयों का समाज में कोई स्थान नहीं होना चाहिए ' समाज की किसी भी प्रकार की बुराइयों को दूर करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आज के युवाओं की है। इस अवसर पर डॉक्टर अजीत कुमार राव डॉक्टर निशा पाल डॉक्टर सुरजीत कौर डॉक्टर नीटू राम डॉ विक्रम सिंह डॉक्टर मीनू डॉ राहुल कौशिक डॉ अतुल कुमार दुबे विश्वनाथ शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**Buland vani News Paper 24.08.2023**










# वोट लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत : डा. कल्पना

■ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लक्सर।

हर्ष विद्या मंदिर डिग्री कॉलेज रायसी में शनिवार को रोवर रेंजर्स के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. केपी सिंह और सचिव डा. हर्ष कुमार दौलत द्वारा किया गया।आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि रास सांसद डा. कल्पना सैनी ने कहा कि युवा पीढ़ी अधिक से अधिक संख्या में मतदाता बने और अपने वोट की ताकत को पहचानें, क्योंकि वोट लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रास सांसद डा. कल्पना सैनी ने छात्र-छात्राओं को अपने वोट की ताकत को पहचानने और अच्छी शिक्षा अच्छे स्वास्थ्य के लिए जनप्रतिनिधि का चुनाव करने का आह्वान किया। इस मौके पर रोवर्स रेंजर्स नोडल अधिकारी डा. प्रीति गुप्ता एवं हरीश राम ने कहा कि जो छात्र-छात्राएं 18 साल के हो गए, वह अपनी वोट जरूर बनवाएं और भारत की प्रगति के लिए अच्छे मतदाता बने। उन्हें इस शताब्दी के मतदाता के रूप में गर्व महसूस करना चाहिए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य डा. राजेश चंद्र पालीवाल, डा. केपी तोमर, डा. अजीत राव और समिति सदस्य निधि गुप्ता और अनुज गुप्ता ने अहम भूमिका निभाई। शौर्य, आस्था, सोनाली, सिया, श्रेया, रितम आदि छात्रों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कुछ छात्रों द्वारा मतदाता फर्म भी भरे गए।

इस मौके पर डा. अतुल कुमार दुबे, डा. सुरजीत, डा. विनीता, कुलदीप, डा. प्रशांत, डा. प्रदीप, डा. शिल्पी पाल, डा. निशा पाल आदि उपस्थित रहे।

## देश सेवा करना सबसे बड़ा धर्म : पाल

**झबरेड़ा (एसएनबी)।** चौ. भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज झबरेड़ा में चल रहे 84 उत्तराखंड बटालियन के चौथे दिन प्री थल सेना शिविर में सूबेदार पंकज पाल ने कहा कि देश सेवा करना हमारा सबसे बड़ा धर्म है। इसी सोच के साथ आज भी देश के कितने ही जवान आतंकियों से लोहा लेते हुए शहीद हो जाते हैं। प्री थल सेना शिविर के चौथे दिन एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश सेवा के लिए देश के प्रत्येक नागरिक कें अंदर जज्बा होना चाहिए। देश सेवा के लिए वर्तमान में जल, थल व वायु तीनों प्रकार की सेनाओं में बढ़ चढ़कर अपनी सेवाएं दे रही है। जंगी जहाज तक महिला कमांडर संभाल रही है, इसलिए एनसीसी छात्राओं को सेना में कार्यरत जांबाज महिला अधिकारियों से सीख लेकर आगे बढ़ते रहना है। उन्होंने कहा कि छात्राएं एनसीसी कैडेट्स भी सेना में जाकर देश सेवा का रास्ता चुनकर अपना भविष्य बना सकती हैं। इस अवसर पर सूबेदार केदार सिंह, ट्रेनिंग सूबेदार संजय कुमार, सत्येंद्र सिंह, सूबेदार लखपत सिंह, नायब सूबेदार दिलीप सिंह, कॉलेज एनसीसी कैप्टन सुशील आर्य, हवलदार गजेंद्र सिंह, हवलदार बृजमोहन, हवलदार प्रकाश सिंह, धीरेश कुमार, देवेंद्र कुमार, गोपाल, प्रदीप, मीनाक्षी, शैलेंद्र, संदीप, राजवीर आदि रहे।

**Rastiy Sahara 28.082023**



# हर्ष पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में समझाया वोट का महत्व



» मदरलैंड संवाददाता

लक्सर ! हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी में शनिवार को रोवर/ रेंजर्स द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ कल्पना सैनी रही। अतिथि के रूप में राजेश सैनी, जिला सचिव, भारत स्काउट एंड गाइड, पुरवेंद्र शर्मा जिला संगठन आयुक्त भारत स्काउट एंड गाइड उपास्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय प्रबंधन और सचिव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह और सचिव डॉ. हर्ष कुमार दौलत ने संयुक्त रूप से किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. कल्पना सैनी ने छात्र-छात्राओं अपने वोट की ताकत को पहचानने और अच्छी शिक्षा अच्छे स्वास्थ्य के लिए जनप्रतिनिधि का चुनाव करने के लिए कहा। डॉ हर्ष कुमार दौलत ने कहा कि सरकार मतदाता की शक्ति से ही दृढ़ निर्णय ले सकती है ! अतः सभी लोग मतदाता बने और अपने अमूल्य वोट का प्रयोग जरूर करें। प्राचार्य डॉ. राजेश चंद्र पालीवाल ने कहा कि आपका वोट नए भारत का आधार साबित होगा। वोट की शक्ति लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। रोवर्स रेंजर्स नोडल अधिकारी डॉ. प्रीति गुप्ता एवं हरीश राम ने कहा कि जो छात्र छात्राएं 18 साल के हो गए उन्हें पंजीकृत होने के लिए आग्रह किया। इस शताब्दी के मतदाता के रूप में हमें गर्व महसूस करना चाहिए। डॉ अजीत राव, डॉ केपी तोमर और समिति सदस्य निधि गुप्ता और अनुज गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाया। डॉ. अतुल कुमार दुबे, कुलदीप, डॉ प्रशांत, डॉ सुरजीत, डॉ. प्रदीप, डॉ.अलका हरित, डॉ शिल्पी पाल, डॉ मनोज छोकर, डॉ विनीता डॉ निशा पाल राजकुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सिया, श्रेया गर्ग, रितम, सोनाली, शौर्य, आस्था आदि छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ! इस दौरान कुछ छात्र-छात्राओं ने मतदाता फॉर्म भी भरा।

**Motherland News Paper 29.08.2023**






# हर्ष पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिव
# हुआ इंडोर गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन

4/12



» **मदरलैंड संवाददाता**

लक्सर ! हर्ष विद्या मंदिर (पीजी) कॉलेज रायसी में क्रीड़ा समिति द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस पर इंडोर गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया ! इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. प्रभावती और सचिव हर्ष कुमार दौलत ने रिबन काटकर खेल का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय क्रीड़ा समिति की प्रशंसा की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. आरसी पालीवाल ने कहा कि महाविद्यालय में क्रीड़ा समिति द्वारा इंडोर खेल प्रतियोगिता का सुंदर आयोजन किया गया। इस प्रतिस्पर्धा से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर इंडोर्स गेम में भी अपने वर्चस्व को स्थापित करने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर क्रीड़ा समिति के प्रभारी डॉ. अतुल कुमार दुबे ने कहा कि महाविद्यालय के क्रीड़ा समिति के सभी सदस्य, शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी ने अपने उत्तरदायित्व का पालन करते हुए प्रतियोगिता को निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए सफल बनाया। प्रतियोगिता का सफल संचालन करते हुए डॉ. विक्रम सिंह ने प्रतिस्पर्धा के दौरान छात्र-छात्राओं का भरपूर उत्सवर्धन किया। क्रीड़ा समिति के सभी सदस्य डॉ. मोहम्मद इकराम, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. विनीत दहिया, डॉ. प्रदीप कुमार, विश्वनाथ शर्मा अनुज कुमा ने खेल को सफल बनाने के लिए संपूर्ण महाविद्यालय परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया।



ऋषिकेश







इंडक्शन कार्यक्रम का उद्घाटन करते महाविद्यालय प्रबंध तंत्र के अध्यक्ष डॉ. के .पी.सिंह जी




छात्र-छात्राओं को संबोधित करते महाविद्यालय प्रबंध तंत्र के अध्यक्ष डॉ. के .पी.सिंह जी




महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगणों के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेश पालीवाल का स्वागत अभिनन्दन

# अंतरराष्ट्रीय साहित्य दिवस मनाया

■ लक्सर (एसएनबी)।

**लक्सर।** हर्ष विद्या मंदिर डिग्री कॉलेज रायसी में शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय साहित्य दिवस मनाया गया।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आरसी पालीवाल ने कहा कि देश को स्वतंत्र कराने में साहित्य का अहम योगदान रहा है। इसलिए हमें आसपास के लोगों को साक्षर बनाने में अहम भूमिका निभानी चाहिए। प्राचार्य प्रोफेसर पालीवाल ने छात्र-छात्राओं को जागरूक भी किया। कुलदीप सिंह टण्डवाल ने अंतर्राष्ट्रीय साहित्य दिवस के उपलक्ष में व्यक्त करते हुए कहा कि जहां ना होता साक्षरता का वास, फिर कैसे होगा उस देश का विकास। साक्षरता मानव जीवन और देश के विकास के लिए कितनी महत्वपूर्ण है, यह सब बात हम भलीभांति जानते है। इसलिए हम सब का यह कर्तव्य बन जाता है कि अधिक से अधिक लोगों को साक्षरता के महत्व एवं लाभ के प्रति जागरूक करने और शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बीएड प्रथम वर्ष की आस्था गोयल ने प्रथम, अंजलि मित्तल व आकांक्षा ने द्वितीय और रुपाली राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डा. केपी तोमर, डा. नरेंद्र कुमार, डा. दुर्गा रजक, डा. मुरली सिंह, बचन सिंह, जयदीप शर्मा, डा. वन्दना, आरती, राधा, जितेंद्र कुमार, आंचल, शीतल, साक्षी, पारुल, विशाल, विक्की आदि उपस्थित रहे।



लक्सर : हर्ष विद्या मंदिर डिग्री कॉलेज रायसी में कार्यक्रम में भाग लेते छात्र।

**Rashtiy Sahara 09.09.2023**

# हर्ष डिग्री कालेज में मना अंतरराष्ट्रीय साहित्य दिवस



**लक्सर (फरमान खान)**हर्ष विद्या मंदिर (पी0जी0) कॉलेज रायसी हरिद्वार में शुक्रवार को शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साहित्य दिवस मनाया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर आरसी पालीवाल ने कहा कि देश को स्वतंत्र कराने में साहित्य का बहुत बड़ा योगदान रहा हैं। इसलिए हमे आस-पास के लोगो को ज्यादा से ज्यादा संख्या में साक्षर बनाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिये साथ ही प्रोफेसर पालीवाल ने सभी छात्र /छात्राओं के मार्गदर्शन में साक्षरता सम्बन्धी बातों पर प्रकाश डालते हुए जागरूक भी किया।कार्यक्रम को संबोधित करते कुलदीप सिंह टण्डवाल ने अंतर्राष्ट्रीय साहित्य दिवस के उपलक्ष में व्यक्त करते हुए कहा कि "जहां ना होता साक्षरता का वास, फिर कैसे होगा उस देश का विकास" अर्थात साक्षरता के बिना किसी देश का विकास होना संभव नहीं है। साक्षरता मानव जीवन और देश के विकास के लिए कितनी महत्वपूर्ण है, यह सब बात हम भली-भांति जानते हैं।इसलिए हम सब का यह कर्तव्य बन जाता है कि अधिक से अधिक लोगों को साक्षरता के महत्व एवं लाभ के प्रति जागरूक करने और शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करें ।

उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ केपी तोमर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साहित्य दिवस/साक्षरता दिवस वैश्विक स्तर पर मनाया जाने वाला दिन है।जिसे प्रति वर्ष सितंबर माह में मनाया जाता है।इस मौके पर समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जाता है क्योंकि देश के विकास के लिए समाज में अधिक से अधिक लोगों का साक्षर होना आवश्यक है।साक्षरता ही विकास और उन्नति का कारक बन सकती है।जो व्यक्ति पढ़ने लिखने में सक्षम होता है वही साक्षर कहलाता है। जिसे "क ख ग " का ज्ञान भाषा की मयार्दा और सही व गलत में फर्क समझ आता है वही साक्षर है।इस अवसर पर विभाग द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़- चढ़कर प्रतिभाग किया।जिसका मूल्यांकन डॉ प्रमोद कुमार व डॉ मीनू सैनी द्वारा किया गया। जिसमें बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा कु आस्था गोयल ने प्रथम स्थान कु अंजलि मित्तल व आकांक्षा ने द्वितीय स्थान तथा कु रुपाली राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**Bhaskar News Paper 09.09.2023**

# हर्ष विद्या मंदिर (पीजी) कॉलेज में भी मना अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस

» **मदरलैंड संवाददाता**




लक्सर! हर्ष विद्या मंदिर (पीजी) कॉलेज, रायसी में शुक्रवार को शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साहित्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर आरसी पालीवाल ने कहा कि देश को स्वतंत्र कराने में साहित्य का बहुत बड़ा योगदान रहा हैं। इसलिए हमे आस-पास के लोगो को ज्यादा से ज्यादा संख्या में साक्षर बनाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिये, साथ ही प्रोफेसर पालीवाल ने सभी छात्र-छात्राओं के मार्गदर्शन में साक्षरता सम्बन्धी बातों पर प्रकाश डालते हुए जागरूक भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलदीप सिंह टण्डवाल ने अंतर्राष्ट्रीय साहित्य दिवस के उपलक्ष में व्यक्त करते हुए कहा कि जहां ना होता साक्षरता का वास, फिर कैसे होगा उस देश का विकास अर्थात साक्षरता के बिना किसी देश का विकास होना संभव नहीं है। साक्षरता मानव जीवन और देश के विकास के लिए कितनी महत्वपूर्ण है, यह सब बात हम भली-भांति जानते हैं। इसलिए हम सबका यह कर्तव्य बन जाता है कि अधिक से अधिक लोगों को साक्षरता के महत्व एवं लाभ के प्रति जागरूक करने और शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. केपी तोमर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साहित्य, साक्षरता दिवस वैश्विक स्तर पर मनाया जाने वाला दिन है। जिसे प्रति वर्ष सितंबर माह में मनाया जाता है। इस मौके पर समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जाता है ,क्योंकि देश के विकास के लिए समाज में अधिक से अधिक लोगों का साक्षर होना आवश्यक है। साक्षरता ही विकास और उन्नति का कारक बन सकती है।जो व्यक्ति पढ़ने लिखने में सक्षम होता है वही साक्षर कहलाता है । जिसे हृक, ख , ग हृ का ज्ञान,भाषा की मयार्दा और सही व गलत में फर्क समझ आता है वही साक्षर है। इस अवसर पर विभाग द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसका मूल्यांकन डॉ. प्रमोद कुमार व डॉ. मीनू सैनी ने किया! प्रतियोगिता में बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा आस्था गोयल ने प्रथम, अंजलि मित्तल व आकांक्षा ने द्वितीय तथा रुपाली राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. विक्की, डॉ. मुरली सिंह, डॉ. दुर्गा रजक, डॉ. वन्दना, डॉ. नरेंद्र कुमार, जयदीप शर्मा, बचन सिंह,विशाल कुमार, साक्षी, राधा, पारुल, अनमोल, जितेंद्र कुमार, आंचल, शीतल व आरती आदि उपस्थित रहे।

**Motherland Newspaper 09.09.2023**



**प्रो. सत्येन्द्र कुमार ने महाविद्यालय को अपनी लिखित पुस्तकें भेट की**

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज...!
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
09-सितम्बर-2023

संजय कुमार राजपूत





# 'एडवांटेज ऑफ़ आईसीटी टूल्स इन कम्युनिकेशन एंड पर्सनैलिटी डेवलपमेंट' पर हुआ व्याख्यान, 'प्रभावशाली संप्रेषण के लिए आई कांटेक्ट, आवाज का अवरोहण, शब्दों का चयन आवश्यक: -प्रोफेसर सत्येंद्र कुमार ।

हरिद्वार, लक्सर। उत्तराखंड प्रदेश के एकमात्र महाविद्यालय जहां पर छात्रों के लिए ही नहीं अपितु प्राध्यापकों के लिए भी यूनिफॉर्म कोड का पूर्ण पालन किया जाता है, ऐसे प्रदेश के एकमात्र महाविद्यालय हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी मैं आज अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉक्टर पूनम चौधरी, डॉक्टर प्रमोद कुमार व डॉक्टर दीपिका भट्ट के संयुक्त प्रयास से श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय द्वारा 2023 -24 सेशन के लिए वोकेशनल कोर्स के अंतर्गत (SEC) स्किल एनहैंसमेंट कोर्स में 'कम्युनिकेशन स्किल एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट' इंग्लिश के वोकेशनल सिलेबस के ऊपर आज राजकीय महाविद्यालय मीठीबेरी के अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सत्येंद्र कुमार द्वारा बीए प्रथम वर्ष के फ्रेशर छात्र छात्रों के लिए 'आईसीटी टूल्स का संप्रेषण व व्यक्तित्व के विकास में क्या लाभ है', विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया गया! अपने व्याख्यान में प्रोफेसर सत्येंद्र ने बताया कि यह सिलेबस 'इंक्रीमेंटल मोड़' के रूप में छात्रों के द्वारा चार सेमेस्टर में पूर्ण किया जाएगा। प्रथम सेमेस्टर मैं 'आईसीटी रिसोर्सेस एवं टेक्नोलॉजी इनेबल्ड लर्निंग' के अंतर्गत टेक्नोलॉजी के बारे में तथा लिसनिंग और स्पीकिंग स्किल्स के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी तथा साथ में इंटर एवं इंट्रा पर्सनालिटी कम्युनिकेशन, पियर इंटरव्यू एवं ग्रुप डिस्कशन के बारे में भी विस्तार से छात्राओं को पढ़ा जाएगा। द्वितीय सेमेस्टर में 'टेक्निकल कम्युनिकेशन स्किल्स' के अंतर्गत 'वर्बल एंड नॉनवर्बल कम्युनिकेशन' तथा 'बेसिक्स ऑफ इंग्लिश ग्रामर' व 'डिक्शनरी' के ज्ञान के बारे में विस्तार से अवगत कराया जाएगा। तृतीय सेमेस्टर के अंतर्गत 'पर्सनालिटी डेवलपमेंट' टॉपिक के अंतर्गत छात्र छात्राओं में पॉजिटिव एटीट्यूड का विकास करना, मोटिवेशनल, सेल्फ मोटिवेशनल की धारणा को आत्मसात कराया जाएगा। चतुर्थ सेमेस्टर के अंतर्गत 'आईसीटी स्किल्स फॉर लीडरशिप' टॉपिक के अंतर्गत शिष्टाचार, ग्रुप डिस्कशन, आईसीटी इनोवेशन एवं क्रिएटिव ट्रेनिंग के माध्यम से छात्राओं को पूर्ण सिखलाई दी जाएगी। यह पूरा सिलेबस स्किल एनहैंसमेंट कोर्स (SEC) के अंतर्गत तीन क्रेडिट का छात्र छात्रों को प्रत्येक सेमेस्टर में पूर्ण करना है ! इस वोकेशनल कोर्स के अंतर्गत छात्रों का रुझान इस सिलेबस को चार सेमेस्टर में पूर्ण करना होगा! एक सेमेस्टर में वर्कलोड को दूर करने के साथ इसको चार सेमेस्टर में बांट दिया गया है। इस अवसर पर व्याख्यान देते हुए प्रोफेसर सत्येंद्र ने बताया कि अपने व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए जिंदगी में कम्युनिकेशन संप्रेषण बहुत जरूरी है इसका हमारी जिंदगी में रोजमर्रा में अहम रोल है कम्युनिकेशन में व्यक्ति अपनी बात को व्यक्त करने के लिए शब्दों का ठीक-ठाक चयन करता है और अपनी बात को वह संप्रेषण के माध्यम से समझाने का प्रयास करता है इसमें साउंड सिस्टम का अहम योगदान है जो चार प्रकार की स्किल बताई गई है लिसनिंग, स्पीकिंग, राइटिंग एंड रीडिंग जिसमें दो एक्टिव स्केल है वह दो पैसिव स्केल है इन चारों ही स्किल का संप्रेषण में व्यक्तित्व के विकास के लिए आवश्यक है, जो छात्र अच्छी प्रकार से सुन सकता है वह बोलने के लिए तैयार रहता है किसने ठीक कहा है 'लिसनिंग लीड्स तो स्पीकिंग'। आज के इस आधुनिकतम समय में आईसीटी इनफॉरमेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी का अहम योगदान है जब से कोरोना कल शुरू हुआ था तब से लेकर आज तक गूगल मीट के द्वारा इस टूल को अपने जीवन में समझ रहे हैं प्रिंटर, कंप्यूटर, लैपटॉप टैबलेट आदि जो आईसीटी के टूल्स है यह सभी आज के सॉफ्टवेयर वर्ल्ड में अहम भूमिका अदा करते हैं। कार्यक्रम के अंत में हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी के अध्यक्ष डॉक्टर के पी सिंह, सचिव, डॉक्टर हर्ष कुमार दौलत, प्राचार्य प्रोफेसर राजेश पालीवाल ने प्रोफेसर सत्येंद्र कुमार का धन्यवाद ज्ञापित किया अंग्रेजी के विभाग अध्यक्ष डॉ पूनम चौधरी, डॉ प्रमोद, डॉक्टर दीपिका भट्ट ने भी सत्येंद्र का धन्यवाद क्या किया और बताया कि आपका व्याख्यान छात्रों के लिए बहुत ही लाभकारी सिद्ध होगा। इस अवसर पर अध्यापकों में इस अवसर पर छात्र छात्रों में मुख्य रूप से मनीषा, मोनिका, अंजलि, विनीत, रिचा, रुखसार, अंजलि, डिंपल तथा अध्यापकों में डॉक्टर अजीत राओ, डॉक्टर निशा पाल, डॉक्टर सुजीत कौर, डॉ विनीता, डॉ केपी तोमर, डॉ कुलदीप, डॉ प्रशांत, डॉक्टर मीनू, डॉ विनीता दहिया, डॉक्टर अतुल, डॉक्टर सरला, डॉ विक्रम सिंह आदि प्रोफेसर मौजूद थे



विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
09-सितम्बर-2023
संजय कुमार राजपूत

# भूगोल विभाग द्वारा भूगोल विषय में सुदूर संवेदन तकनीकी एवं जीपीएस की उपयोगिता पर हुआ व्याख्यान।







हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रेज़ के भूगोल विभाग द्वारा भूगोल विषय में सुदूर संवेदन तकनीकी एवं जीपीएस की उपयोगिता पर हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय से आए हुए प्रोफेसर एम एस पंवार द्वारा अतिथि व्याख्यान कराया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर पवार ने कहा कि भूगोल विषय में जीआईएस और जीपीएस की उपयोगिता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वर्तमान समय में छात्र-छात्राओं को भूगोल विषय में  तकनीकी और कौशल को विकसित करने के लिए  इस विषय में प्रशिक्षित होना नितांत आवश्यक है जो छात्र-छात्राओं को आने वाले भविष्य में रोजगार पर हो सकता है महाविद्यालय के प्रबंधन तंत्र एवं प्राचार्य प्रोफेसर आरसी पालीवाल ने मुख्य अतिथि एवं भूगोल विभाग की प्रशंसा की। व्याख्यायित मंच का सफल संचालन करते हुए विभाग की सह प्रभारी डॉक्टर सरल भारद्वाज ने कहा कि  भूगोल विषय की विविध संभावनाएं  इसकी तकनीकी विकास पर ही निर्भर है।इस अवसर पर भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अतुल कुमार दुबे ने कहा कि  भूगोल विषय की व्यापकता एवं क्षेत्रीय विविधता को जानने के लिए वर्तमान समय की जीपीएस एवं जीआईएस जैसी तकनीकी से जुड़े रहने की निशांत आवश्यकता है। विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर मुरली सिंह ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि  भूगोल के लगभग 80 से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभा करते हुए इस व्याख्यान को सफल बनाया। भूगोल विषय के छात्र-छात्राओं में तकनीकी और कौशल विकसित  इस तरह के व्याख्यान एवं संगोष्ठियों का होते रहना नितांत आवश्यक है। व्याख्यान के समय महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर अजीत राव डॉक्टर प्रशांत कुमार, डॉक्टर रणवीर सिंह, डॉ वर्षा अग्रवाल डॉक्टर सारिका महेश्वरी डॉक्टर राहुल कौशिक डॉक्टर नरेंद्र डॉक्टर विक्की तोमर डॉ अनुज आदि  ने व्याख्यायित मंच की प्रशंसा की।



विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
09-सितम्बर-2023
संजय कुमार राजपूत





# इतिहास विभाग द्वारा "इतिहास की उपयोगिता एवं महत्व की प्रासंगिकता" पर हुआ अतिथि व्याख्यान।

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पी.जी. कॉलेज हरिद्वार के इतिहास विभाग द्वारा "इतिहास की उपयोगिता एवं महत्व की प्रासंगिकता"पर डॉक्टर अभिषेक कुकेरती, सहायक आचार्य(गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज जहरीखाल ) द्वारा सरगर्वित अतिथि व्याख्यान दिया गया। आपने अपने व्याख्यान से इतिहास विभाग के छात्र-छात्राओं को मंत्रमुग्ध करते हुए कहा हर विषय का अपना एक इतिहास होता है जिसके आधार पर वर्तमान समय में उसकी उपयोगिता एवं महत्व की प्रासंगिकता के आधार पर भविष्य और वर्तमान समय में उस विषय का नियोजन एवं पदानुक्रमित स्वरूप तैयार होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आरसी पालीवाल ने अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इतिहास विभाग की प्रशंसा की। इतिहास विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अजीत कुमार राव ने अपने छात्र-छात्राओं को इस व्याख्यान को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान मंच का सफल संचालन करते हुए इतिहास विभाग के डॉक्टर प्रशांत कुमार एवं डॉक्टर डॉ रणवीर सिंह ने कहा कि व्याख्यानों और राष्ट्रीय संगोष्ठीयो के माध्यम से छात्र-छात्राओं को इतिहास विषय चुनौती से अवगत कराया जा सकता है। कार्यक्रम में इतिहास विभाग के लगभग 100 अधिक छात्राओं ने अपनी उपस्थिति के साथ व्याख्यान को सफल और सार्थक बनाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ अतुल कुमार दुबे, डॉ मुरली सिंह, डॉ सरल भारद्वाज, डॉ परीक्षित, डॉ दीपिका भट्ट, डॉ स्मृति कुशल, डॉ सारिका महेश्वरी, डॉ दुर्गा रजक, डॉ मीनू, डॉ निशा पाल आदि मौजूद रहे।


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

# HARSH VIDYA MANDIR POST GRADUATE COLLEGE, RAIYSI (HARIDWAR)

## (Uttrakhand Government Aided College)

**Affiliated to Sri Dev Suman Uttrakhand University, Badshahithol, Tehri Garhwal, Uttrakhand (State University)**

**ADMISSION OPEN**




**MA/M.Sc./ M.Sc. Home Science and M.Com 1st Semester It is informed that as per the instructions of the Government of Uttrakhand, under the National Education Policy-2020, the Samarth portal has been launched in the session 2023-2024.**

| | |
|---|---|
| M.A- | POLITICAL SCIENCE, HISTORY, HINDI, ENGLISH, SOCIOLOGY, EDUCATION, GEOGRAPGHY, ECONOMICS |
| MSC- | MATHS, CHEMISTRY, PHYSICS, ZOOLOGY, BOTANY, |
| MSC- | HOME SCIENCE |

**Register yourself on the link**

**https://ukpgadmission.samarth.ac.in/ of the Samarth portal.**

- Click on New Registration here
- Enter your name, date of birth, email, mobile number and enter password.
- User name and password will be generated after your registration.
- Now go to the profile and enter your details, photo, signature, and other details.
- Now submit it by selecting Harsh Vidya Mandir PG College Raisi(Haridwar).
- Submit online registration fee of Rs. 50 only.
- After this complete your application form and submit it.

**Prof. Rajesh Chandra Paliwal**
**Principal**

**"Learn from yesterday. Live for today. Hope for tomorrow."**




# उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला विषय पर रायसी गांव में निकाली गई एक जन जागरूकता रैली

**बुलन्द वाणी ब्यूरो**
**संजय राजपूत**



**हरिद्वार, लक्सर।** हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी हरिद्वार में आज रोवर/ रेंजर्स एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला विषय पर एक जन जागरूकता रैली को रायसी गांव में निकाला गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर के पी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता रैली को रवाना किया। महाविद्यालय सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश चंद्र पालीवाल जी ने कहा कि हरेला उत्तराखंड का लोक पर्व है जो पर्यावरण को बचाने की प्रेरणा देता है । रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ प्रीति गुप्ता एवं श्री हरीश राम जी ने कहा कि अपनी सांस्कृतिक पर्व को हमें मनाना चाहिए और छात्र-छात्राओं से अपील की कि उसमें उन्हें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए तभी वह अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक हो सकेंगे और राष्ट्र की उन्नति में सहायक होंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर दीपिका भट्ट ने कहा कि इस पर्व पर शिव पार्वती के विवाह की मान्यता है जो हमें अपनी संस्कृति और पर्यावरण को बचाने का संदेश देता है। लोकपर्व के द्वारा हम अपनी सभ्यता व संस्कृति का हस्तांतरण व संरक्षण कर सकते हैं। इस रैली को सफल बनाने में डॉ अजीत राव, डॉ प्रशांत, डॉ केड्ढ पीड्ढ तोमर, डॉ अतुल कुमार दुबे, श्री कुलदीप , डॉ सरला भारद्वाज, डॉ मीनू, निधि गुप्ता, श्री विश्वनाथ शर्मा, श्री अनुज गुप्ता, श्री सरफराज हुसैन, श्री मोहसिन आदि ने सहयोग किया। इस रैली में राधा, शीतल, रितम, सिया, आरती, जसप्रीत, स्वाति, बिट्टू कुमार, खुशीराम, अनुज. सौरभ, गीतिका, प्रभात, आकृति, प्रशांत आदि छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

**23.07.2023 Buland Vaani News Paper**





देवभूमि उत्तराखंड में आज से हरेला पर्व की शुरुआत हो चुकी है। हरेला का आशीष उत्तराखंड के लोगों के लिए बेहद खास है। यह लोकपर्व सावन के आने का संदेश है, जिसके पीछे फसल लहलहाने की कामना है, बीजों का संरक्षण है और बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद है। उत्तराखंड के गांवों से देश-विदेश में बसे लोग चिट्ठियों के लिए जरिए हरेला के तिनकों को आशीष के तौर पर भेजते हैं। गाजे-बाजे के साथ इस दिन पूरे पहाड़ में पौधे भी लगाए जाते हैं।मूलतौर पर यह त्यौहार उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में मनाया जाता है। इस दिन कान के पीछे हरेले के तिनके रखे लोग नजर आते हैं। हरेला का मतलब है हरियाली। उत्तराखंड कृषि पर निर्भर रहा है और यह लोकपर्व इसी पर आधारित है। बीजों के संरक्षण, खुशहाल पर्यावरण को भाव और भक्ति से जोड़ते हुए इस पर्व को पूर्वजों ने आगे पीढ़ियों तक पहुंचाया। हरेला पर्व के समय शिव और पार्वती की पूजा का विधान है।उत्तराखंड में सावन मास की शुरुआत हरेला पर्व से होती है। यह तारीख 17 जुलाई के दिन आगे-पीछे रहती है। इस दिन सूर्य कर्क राशि में प्रवेश करते हैं। हरेला पर्व से 9 दिन पहले हर घर में मिट्टी या बांस की बनी टोकरी में हरेला बोया जाता है। टोकरी में एक परत मिट्टी की, दूसरी परत कोई भी सात अनाज जैसे गेहूं, सरसों, जौं, मक्का, मसूर, गहत, मास की बिछाई जाती है। दोनों की तीन-चार परत तैयार कर टोकरी को छाया में रख दिया जाता है। चौथे-पांचवें दिन इसकी गुड़ाई भी की जाती है। 9 दिन में इस टोकरी में अनाज की बाली जाती हैं। इसी को हरेला कहते हैं। माना जाता है कि जितनी ज्यादा बालियां, उतनी अच्छी फसल।कई गांवों में हरेला मंदिर में पूरे गांव के लिए एकसाथ बोया जाता है। 10वीं दिन हरेले को काटकर सबसे पहले घर के मंदिर में चढ़ाया जाता है। फिर घर की सबसे बुजुर्ग टीका-अक्षत लगाकर सभी के सिर पर हरेले के तिनके को रखते हैं, एक आशीष के साथ - ‘जी रया जागि रया, दूब जस फैलि जया । आकाश जस उच्च, धरती जस चाकव है जया। स्यू जस तराण है जो, स्याव जस बुद्धि है जो। सिल पिसी भात खाया, जांठि टेकि भैर जया। ’ यानी जीते रहो, जागृत रहो। आकाश जैसे उच्च, धरती जैसा विस्तार हो। सियार की तरह बुद्धि हो, सूरज की तरह चमकते रहो। इतनी उम्र हो कि चावल भी सिल पर पीसकर खाओ और लाठी टेक कर बाहर जाओ। दूब की तरह हर जगह फैल जाओ।




भूगोल विभाग में छात्र- छात्राओं को अतिथि व्याख्यान देते हुए प्रो.एम्.एस.पंवार सर




महाविद्यालय प्रबंध तंत्र के अध्यक्ष डॉ. के .पी.सिंह जी को भेट स्टूडेंट्स के द्वारा



**इंडक्शन 2023 कार्यक्रम में**




**प्रो. दिनेश चन्द्र गोस्वामी जी श्री देव सुमन विश्वविद्यालय महाविद्यालय में व्याख्यान देते हुएं**




डॉ. अभिषेक कुकरेती जी के द्वारा इतिहास विभाग के छात्र-छात्राओं को व्याख्यान दिया गया




राजकीय महाविद्यालय मीठी बेरी हरिद्वार प्रो.सत्येन्द्र कुमार जी के द्वारा गेस्ट लेक्चरर दिया गया अंग्रेजी विभाग में




राजकीय महाविद्यालय लक्सर डॉ. स्नेहलता जी के द्वारा व्याख्यान दिया गया समाज शास्त्र विभाग में




हर्ष विद्या मंदिर (पी0जी0) कॉलेज रायसी  हरिद्वार के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा "जीवन में अनुशासन का महत्व" विषय पर डॉ0 देवेंद्र सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल  द्वारा अतिथि व्याख्यान




स्वागत अभिनन्दन डॉ. हर्ष कुमार दौलत सचिव प्रबंध तंत्र















KHELO
INDIA
YOUTH GAMES